**Samyak**
An Institute For Civil Services

# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

Date
15/04/2025



## ब्लू ओरिजिन की NS-31 अंतरिक्ष उड़ान

- ब्लू ओरिजिन – अमेजन संस्थापक जेफ बेजोस के स्वामित्व वाली अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी।
- अंतरिक्ष उड़ान – 14 Apr. 2025 को न्यू शेपर्ड-NS-31 अंतरिक्ष यान से 6 महिलाओं ने उड़ान भरी।
- उड़ान अमेरिका के पश्चिमी टेक्सास से प्रारंभ हुई जो पृथ्वी सतह से 100 km. ऊपर करमन रेखा के पार ले गये। करमन रेखा– अंतरिक्ष और पृथ्वी के वायुमंडल के बीच काल्पनिक सीमा है।
- अभियान में शामिल महिलायें –
  1. कैटी पेरी (अमेरिकी गायिका)
  2. गेल किंग (टेलीविजन एंकर)
  3. केरियन फ्लिन (फिल्म निर्माता)
  4. आइशा बोवे (नासा की पूर्व एयरोस्पेस इंजीनियर)
  5. लॉरेन सांचेज (पूर्व पत्रकार)
  6. अमांडा गुयेन (यौन हिंसा के खिलाफ अभियान की संस्थापक)
- यह मिशन 1963 में वैलेंटिना तेरेश्कोवा की एकल उड़ान के बाद पहला पूर्ण महिला अंतरिक्ष चालक दल है।

## डेनियल नोबोआ

- इक्वाडोर के दक्षिणपंथी नेता, दूसरे चरण के चुनाव में जीत मिली।
- 2023 में अंतरिम चुनावों में राष्ट्रपति बने थे, इस बार पूर्ण कार्यकाल (4 वर्ष) हेतु निर्वाचित।
- कुल मतों में से 55.8 % वोट प्राप्त हुए। इक्वेडोर की राजधानी – क्विटो।

## जस्टिस अरुण पल्ली

- नियुक्ति – जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश।
- अधिसूचना – भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा।
- वर्तमान पद – पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश और हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (HALSA) के कार्यकारी अध्यक्ष।

## भारत ने जारी की क्वांटम तकनीक पर पहली अंतर्राष्ट्रीय रणनीति

- जारी– प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय ने 14 April 2025 को।
- रणनीति– अन्तरराष्ट्रीय क्वांटम प्रौद्योगिकी सहभागिता रणनीति (ITES-Q) का पहला संस्करण जारी किया।
- अवसर– विश्व क्वांटम दिवस और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अन्तरराष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वर्ष (IYQST 2025)।
- यह रणनीति क्वांटम विज्ञान, तकनीक और नवाचार (QSTI) के क्षेत्र में भारत की पहली वैश्विक दृष्टिकोण वाली नीति है।
- उद्देश्य–
  खेल और नवाचार को प्रोत्साहन, प्रमुख क्षेत्रों में क्वांटम तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देना और क्वांटम सुरक्षा के माध्यम से रणनीतिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करना।

## हॉकी पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 जीता

- फाइनल– मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, झांसी (M.P.) में, हॉकी M.P. को 4-1 से हराया।
- रिकार्ड– हॉकी पंजाब ने यह 5वीं बार खिताब अपने नाम किया है।
- तीसरा स्थान– U.P. हॉकी
- आयोजन– 4-15 April. 2025

## विश्व कला दिवस – 15 अप्रैल

- यह दिन महान चित्रकार लियोनार्डो दा विंची की जयंती को समर्पित है।
- 2025 की थीम– ' एकता और आचार के लिए कला।

## हिमाचल दिवस 2025

- 15. Apr. 1948 – हिमाचल प्रदेश का गठन केंद्रशासित प्रदेश के रूप में हुआ था।
- विलय में शामिल रियासतें – मंडी, चंबा, महासु, सिरमौर सहित 26 अन्य रियासतें।
- 25 Jan. 1971 – हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। (भारत का 18 वां राज्य)

## भारत ने पहली बार सफलतापूर्वक लेजर– आधारित हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया

- 30 KW की लेजर - आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (DEW) प्रणाली का परीक्षण।
- ऐसा करने वाला भारत चौथा देश है। पहले तीन – USA, रूस, चीन।
- परीक्षण– DRDO के CHESS (Centre of High Energy Systems and sciences), हैदराबाद
- फील्ड ट्रायल– आंध्र प्रदेश के कुरनूल में, जहाँ व्हीकल–माउंटेड DEW MK-II (A) के लैंड वर्ज़न का उपयोग हुआ।
-

| विशेषता | विवरण |
|---|---|
| कार्य सिद्धांत | उच्च शक्ति वाली लेजर बीम से लक्ष्य पर अत्यधिक ताप उत्पन्न कर उसे नष्ट किया जाता है। |
| लक्ष्य प्रकार | मिसाइल, ड्रोन, UAV, फिक्स्ड–विंग विमान आदि |
| सटीकता | बहुत उच्च – लक्ष्य को सटीक ट्रैक और निष्क्रिय करती है। |

- लाभ– 1. तेज और प्रतिक्रियाशील, कम लागत, पारंपरिक विस्फोटकों की आवश्यकता नहीं, कम पर्यावरणीय प्रभाव।
  2. ड्रोन और हवाई खतरों के खिलाफ त्वरित प्रतिक्रिया।

# राजस्थान परिदृश्य

## ☞ न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी

- SC के पूर्व न्यायाधीश, 15. Apr. 2025 को 23 वें विधि आयोग के अध्यक्ष नियुक्त।
- जन्म – 15 मई, 1958 को उदयपुर (राजस्थान) में।
- पूर्व पद
  - 22 वें विधि आयोग के सदस्य।
  - राजस्थान HC के न्यायाधीश (शपथ – 2. Sept. 2004)
  - राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष
  - राजस्थान HC के प्रशासनिक न्यायाधीश
  - सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश (18 Jan. 2019 – 14 May. 2023)
- पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त – अधिवक्ता हितेश जैन और प्रोफेसर D.P. वर्मा।
- 23 वां विधि आयोग – 2 Sept. 2025 को 3 साल के लिए अधिसूचित।
- 22 वें विधि आयोग के अध्यक्ष – जस्टिस रितुराज अवस्थी।

## ☞ उत्तर पश्चिमी रेलवे जोन में कवच 4.0 स्थापित होगा।

- ट्रैक – हाई रिस्क जोन माने जाने वाले रेवाड़ी – जयपुर, अजमेर – पालनपुर, अजमेर – चित्तौड़गढ़ उदयपुर और फुलेरा – जोधपुर – लूणी – समदड़ी के 1586 km. लम्बे ट्रैक पर।
- कवच
  - स्वदेशी ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम है।
  - एक ही ट्रेक पर आमने सामने आने वाली ट्रेनों को रोक देता है।
  - स्पीड लिमिट क्रॉस होने पर लोको पायलट को अलर्ट करता है।
  - यदि लोको पायलट ध्यान न दे तो यह सिस्टम ऑटोमैटिक ब्रेक लगाकर ट्रेन को नियंत्रित करता है।

## राजस्थान में क्लाइमेट चेंज पर रिसर्च का सेंटर बनेगा

- उद्देश्य – रेगिस्तान के मौसम में अचानक होने वाले बदलाव और इसके प्रभावों का अध्ययन करने के लिए स्थापना होगी।
- अध्ययन – अतिवृष्टि, सूखा, हीटवेव, तेज गर्मी, सर्दी के प्रभावों का अध्ययन होगा।

## रणजीत गुर्जर ने कांस्य पदक जीता

- प्रतियोगिता – वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल चैम्पियनशिप
- रणजीत गुर्जर – कैमरी गाँव, करौली के अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हैं।
- वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष – निर्मला रावत

## जयपुर के फजल अहमद ने राजस्थान कैरम चैम्पियनशिप का खिताब जीता

- फाइनल – टोंक के अंसार को 25-6, 25-11 से हराया
- आयोजन – टोंक
- डबल्स स्पर्धा – टोंक के अंसार-हसन की जोड़ी ने जयपुर की रेहान-शाहरुख को हराया।
- राजस्थान कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष – सूरज खत्री।


CIVIL SERVICES DAY के अवसर पर बढ़ाएँ प्रशासनिक सेवा की ओर कदम...
Samyak
An Institute For Civil Services
Presents
CSO
CIVIL SERVICES OLYMPIAD
IAS
RAS
की तैयारी के लिए 100% तक स्कॉलरशिप पाने का स्वर्णिम अवसर
YOU MAY GET
1st PRIZE
BIKE + 100% SCHOLARSHIP
UPTO 100% SCHOLARSHIP
2nd PRIZE
LAPTOP+ 90% SCHOLARSHIP
3rd-5th PRIZE
MOBILE+ 80% SCHOLARSHIP
TO ALL PARTICIPANTS
NCERT नींव निर्माण COURSE ₹10000 FREE
Certificate of Appreciation
MINIMUM 25% SCHOLARSHIP
IAS/RAS PRE & MAINS SOLVED PAPERS BOOKLET FREE
रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹51
SCAN QR FOR REGISTRATION
SYLLABUS
NCERT OF 9th & 10th : SOCIAL STUDIES, SCIENCE & TECH.
NCERT OF 11th : INDIAN CONSTITUTION
CURRENT AFFAIRS : OCT. 2024 - MAR. 2025
परीक्षा की तिथि 20th APRIL
परीक्षा का समय 10:00 AM-11:30 AM
रजिस्ट्रेशन के लिए मिस कॉल भी कर सकते है
9785722722
www.civilservicesolympiad.com
परीक्षा केंद्र
1. जयपुर, 2. भरतपुर, 3.सीकर, 4.शाहपुरा, 5. झुंझुनूं, 6. उदयपुर,
7. दौसा, 8. अजमेर, 9. चुरू, 10. नागौर, 11. श्री गंगानगर, 12. गंगापुर सिटी,
13. जोधपुर, 14. बीकानेर,15. कोटा, 16. पावटा
H.O. NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111

Samyak

An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram